# कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी, धनबाद वन प्रमण्डल।

(मिश्रित भवन, लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद)

☎ 0326-2313385 Email– dfodhanbad@gmail.com

9471192101, 8987790305 dfo-dhanbad@gov.in


पत्रांक :– 437 दिनांक :– 17-02-2023

सेवा में,

महाप्रबंधक,
बरोरा क्षेत्र,
बी0सी0सी0एल0।

विषय :– बी0सी0सी0एल0 बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी हेतु प्रस्तावित 133.69 हे0 (46.17 हे0 वन भूमि एवं 87.52 जंगल–झाड़ी) वन भूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक– 106 दिनांक– 03.02.2023 एवं इस कार्यालय का पत्रांक– 327 दिनांक– 07.02.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा समर्पित बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी हेतु प्रस्तावित 133.69 हे0 (46.17 हे0 वन भूमि एवं 87.52 जंगल–झाड़ी) वन भूमि अपयोजन हेतु बरमसिया मौजा में 133.69 हे0 (46.17 हे0 वन भूमि एवं 87.52 जंगल–झाड़ी) वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव को इस कार्यालय के पत्रांक– 2681 दिनांक– 30.11.2022 द्वारा भेजा गया था। उक्त प्रस्ताव पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची द्वारा 6 बिन्दूओं पर पृच्छा की गई है, जिसका अनुपालन प्रतिवेदन की मांग आपसे की गई थी। उक्त पत्र के आलोक में आपके द्वारा उपायुक्त, धनबाद को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत अनापत्ति निर्गत हेतु अनुरोध करते हुए उसकी प्रति मात्र औपचारिकता के तौर पर भेजा गया है।

अतः अनुरोध है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची द्वारा की गई पृच्छा का निराकरण कर निराकरण प्रतिवेदन अविलम्ब इस कार्यालय में समर्पित करेंगे ताकि, अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

17/2/23

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
धनबाद।

17.02.2023

Pen drive /Barmasia 133 ha